नेशनल दुनिया

NEW DELHI I 8 AUG 2015

रबड़ पर आयात शुल्क के ढांचे को बदलें

नेशनल दुनिया

नई दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशक प्रवीर कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रबड़ क्षेत्र पर आयात शुल्क का मौजूदा 'उलटा शुल्क ढांचा' उचित चिंता है और इस पर जल्द ध्यान दिया जाना चाहिए।

वे यहां ऑल इंडिया रबड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एआईआरआईए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रबड़ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'आयात शुल्क का उलटा ढांचा एक मुद्दा है जिस पर ध्यान दिया जाना होगा। इसका घरेलू उत्पादन और किसी भी क्षेत्र का निर्यात पर असर होता है।'

उन्होंने कहा कि अगर कच्चे माल पर आयात शुल्क, तैयार सामान पर शुल्क की तुलना में अधिक है तो स्वाभाविक रूप से यह घरेलू उत्पादों को हतोत्साहित करेगा।

उन्होंने कहा कि डीजीएफटी इस मुद्दे को संबद्ध विभाग के समक्ष उठाएगा।

फिलहाल कच्चे प्राकृतिक रबड पर आयात शुल्क पांच प्रतिशत और 70 प्रतिशत के बीच है जबकि तैयार रबड़ सामान पर आयात शुल्क दस प्रतिशत से कम है।